भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 12
दिनांक 02.02.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

भारतीय नागरिकता त्यागना

12. एडवोकेट डीन कुरियाकोस:
श्री हैबी ईडन:

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास पिछले तीन वर्षों के दौरान भारतीय नागरिकता छोड़कर अन्य देशों की नागरिकता लेने वाले लोगों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़ा है,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार के पास अन्य देशों की नागरिकता के लिए भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले लोगों का राज्य-वार आंकड़ा है, और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री वी. मुरलीधरन]

(क) से (घ) मंत्रालय के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 1,63,370 (2021 में); 2,25,620 (2022 में) और 2,16,219 (2023 में) थी। संदर्भ उद्देश्य के लिए, आंकड़े निम्नानुसार थेः 1,22,819 (2011 में); 1,20,923 (2012 में); 1,31,405 (2013 में); 1,29,328 (2014 में); 1,31,489 (2015 में); 1,41,603 (2016 में); 1,33,049 (2017 में); 1,34,561 (2018 में); 1,44,017 (2019 में); 85,256 (2020 में)। अन्य देशों की नागरिकता के लिए भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले लोगों का राज्य-वार वितरण उपलब्ध नहीं है।

*****